पंचम स्मार पत्र

पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/.1240../2023

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**प्रेषक,**

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

**सेवा में,**

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
पटना, नालन्दा, भोजपुर, कैमूर, नवादा, औरंगाबाद, वैशाली, सारण, सीवान, सुपौल, भागलपुर, मुंगेर एवं शेखपुरा।

पटना, दिनांक : 05..... /12....../2023

**विषयः—इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का सह—परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किये जाने के उपरान्त अवार्डशीट एवं मार्क्स फ्वॉयल में अंकों की प्रविष्टि हेतु मूल्यांकन केन्द्र पर आवश्यक संख्या में M.P.P (Marks Posting Personnel) की प्रतिनियुक्ति हेतु M.P.P की सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपडेट कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः**—समिति कार्यालय पत्रांक—(i) BSEB(SS)/KEN/1055/2023, दिनांक 13.09.2023,
(ii) BSEB(SS)/KEN/1086/2023, दिनांक 27.09.2023,
(iii) BSEB(SS)/KEN/1105/2023, दिनांक 11.10.2023,
(iii) BSEB(SS)/KEN/1128/2023, दिनांक 26.10.2023
(iv) BSEB(SS)/KEN/1170/2023, दिनांक 13.11.2023

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का कृपया निदेश करें। इन पत्रों के द्वारा आपके जिला से इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकनोपरांत अवार्ड शीट एवं मार्क्स फ्वॉयल में अंकों की प्रविष्टि कराने हेतु जितनी संख्या में M.P.P की सूची प्राप्त हुई थी, उसे समिति के वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in अथवा teachdirinter.biharboardonline.com पर अपलोड कर यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलबध कराते हुए न्यूनत्तम उतनी ही संख्या में इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के लिए उक्त वेबसाइट पर दिनांक 25.09.2023 तक M.P.Pकी सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपडेट कराने हेतु समिति के पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/1055/2023, दिनांक 13.09.2023 द्वारा अनुरोध किया गया है।

2. पुनः समिति के पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/1086/2023, दिनांक 27.09.2023 द्वारा दिनांक 10.10.2023 तक समिति के पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/1105/2023, दिनांक 11.10.2023 द्वारा दिनांक 20.10.2023 तक पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/1128/2023, दिनांक 26.10.2023 द्वारा दिनांक 08.11.2023 तक तथा पत्रांक—BSEB(SS)/KEN/1170/2023, दिनांक 13.11.2023 द्वारा दिनांक 28.11.2023 तक समिति के वेबसाइट पर M.P.P की सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपडेट कराने हेतु स्मारित भी किया जा चुका है।

3. विदित हो कि उक्त निदेश के आलोक में पटना, नालन्दा, भोजपुर, कैमूर, नवादा, औरंगाबाद, वैशाली, सारण, सीवान, भागलपुर, मुंगेर एवं शेखपुरा के द्वारा अधियाचित M.P.P की सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपलोड की गई है, परन्तु कम की गई है, जबकि सुपौल जिला के द्वारा यह कार्य प्रारंभ भी नहीं किया गया है, जो अत्यंत चिंतापूर्ण एवं खेदजनक है।

4. उल्लेखनीय है कि पाँच बार अनुरोध के बावजूद आपके जिला से अभी तक M.P.P की पूर्ण सूची ऑनलाइन अद्यतन/अपलोड नहीं की गई अथवा आवश्यकता से कम किया गया है, जो वांछनीय नहीं है। स्पष्ट किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के ससमय तैयारी हेतु उक्त सूची को ससमय अद्यतन/अपलोड किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए इस कार्य के लिए आपके स्तर पर अविलम्ब कार्रवाई अपेक्षित है।

**5.** वर्णित परिदृश्य में पुनः स्मारित करते हुए अनुरोध है कि विषयांकित कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए **दिनांक 16.12.2023 तक** M.P.P की सूची समिति के वेबसाइट पर अद्यतन/अपलोड कराने हेतु अंतिम रूप अवधि विस्तार किया जाता है। अनुरोध है कि उक्त तिथि तक समिति के वेबसाईट पर M.P.P की सूची ऑनलाइन अनिवार्य रूप से अद्यतन/अपडेट कराने की कृपा की जाय।

**6.** कृपया इसे अति महत्वपूर्ण समझा जाय।

**विश्वासभाजन**

5.12.23

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : BSEB(SS)/KEN/-1240-----/2023 पटना, दिनांक : ..05... / 12... / 2023